No. of Printed Pages : 2 **BEV-002**

अपशिष्ट प्रबंधन में प्रमाणपत्र (सी.एस.डब्ल्यू.एम.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2024

बी.ई.वी.-002 नगरपालिका, कृषि, औद्योगिक व परिसंकटमय अपशिष्ट प्रबंधन

समय : 3 घण्टे अधिकतम अंक : *100*

नोट : निम्नलिखित में किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. परिसंकटमय अपशिष्ट के मुख्य स्रोतों का वर्णन कीजिए। 10

2. अपशिष्ट से खाद बनाने की प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले कारकों की विवेचना कीजिए। 10

3. औद्योगिक अपशिष्ट में उपस्थित भारी धातुएँ किस प्रकार मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं ? विस्तार से लिखिए। 10

P.T.O.

4. नगरीय अपशिष्ट को इकट्ठा करने के साधनों और तरीकों पर प्रकाश डालिए। 10

5. बागवानी अपशिष्ट किसे कहते हैं? उदाहरण सहित इसके प्रबंधन को संक्षिप्त में समझाइये। 10

6. खनन प्रक्रियाओं द्वारा जनित अपशिष्ट किस प्रकार पर्यावरण को प्रदूषित करते हैं ? विवरण दीजिए। 10

7. इको-इंडस्ट्रियल पार्क की अवधारणा को समझाइए। 10

8. शहरी व ग्रामीण नगरीय अपशिष्ट की मात्रा में वृद्धि के कारणों को स्पष्ट रूप से समझाइए। 10

9. परिसंकटमय अपशिष्ट की मुख्य विशेषताओं को समझाइए। 10

10. सैनिटरी आपशिष्ट के निपटान में आने वाली चुनौतियों का विस्तार से वर्णन कीजिए। 10

11. अपशिष्ट प्रबंधन में पुनर्चक्रण के महत्व पर प्रकाश डालिए नगरीय अपशिष्ट के पुनर्चक्रण में आप किस तरह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं ? उदाहरण सहित समझाइए। 10

12. वर्मीकम्पोस्ट किसे कहते हैं ? वर्मीकम्पोस्ट को तैयार करने के लिए किस-किस सामग्री का उपयोग किया जाता है ? विवरण दीजिए। 2+8

***